# बिहार सरकार,
# पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
# कार्यालय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार, पटना।

**(कैम्पा एवं वन संरक्षण संभाग)**

तृतीय तल, अरण्य भवन, शहीद पीर अली खाँ मार्ग, पटना–800 014

संख्या–व.सं. / 119 / 2019–

प्रेषक,

अरविन्दर सिंह, भा०व०से०,
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण),
बिहार, पटना।

सेवा में,

प्रधान सचिव,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग,
बिहार सरकार, पटना।

पटना 14, दिनांक–

विषय – जियों डिजिटल फाईबर प्रा० लि० द्वारा रोहतास–नौहट्टा–कसारी पथ के किनारे ऑप्टिकल फाईवर केबल बिछाने हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत 0.09864 हे० वन भूमि "स्टेट कॉडिनेटर, जियो डिजिटल फाईबर प्रा0 लि0, बिहार, पटना" के पक्ष में अपयोजन के प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक स्वीकृति के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 की धारा–2 के तहत भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय के पत्रांक 11-09/98 FC दिनांक 07.09.2015 पत्रांक FC-11/165/2019-FC दिनांक 27.07.2020 (छायाप्रति संलग्न) के आलोक में एवं बिहार सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग, के पत्रांक 642 (ई०) दिनांक 30.05.2018 तथा पत्रांक 1371 (ई०) दिनांक 19.12.2018 द्वारा निजी एजेंसियों के लिये भी अपयोजन प्रस्ताव पर राज्य सरकार से अनुमोदनोपरान्त स्वीकृति आदेश निर्गत करने का निर्देश दिया गया है।

2. जियो डिजिटल फाईबर प्रा0 लि0 द्वारा रोहतास–नौहट्टा–कसारी पथ के किनारे ऑप्टिकल फाईवर केबल बिछाने हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत 0.09864 हे० वन भूमि अपयोजन हेतु स्टेट कॉडिनेटर, जियो डिजिटल फाईबर प्रा0 लि0, बिहार, पटना का प्रस्ताव जाँचोपरान्त वन संरक्षक, वन्यप्राणी अंचल, पटना के माध्यम से प्राप्त हुआ है। परियोजना का निर्माण रोहतास वन प्रमंडलन्तर्गत होना है जिसमें अपयोजित होने वाली वन भूमि एवं पातित होने वाली वृक्षों की संख्या निम्नलिखित है–

| **क्रम सं०** | **वन प्रमंडल का नाम** | **क्षेत्रफल (हे० में)** | **पातित होने वाली वृक्षों की संख्या** |
|---|---|---|---|
| 1 | रोहतास | 0.09864 | 0 |
| | **कुल** | **0.09864** | **0** |

3. प्रस्तावित ऑप्टिकल फाईबर केबल रोहतास जिलान्तर्गत अधिसूचित पथ (वन भूमि) किनारे से होकर गुजरती है। यह पथ पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग, बिहार सरकार के अधिसूचना संख्या O/F-17036/56-1873.R दिनांक 06.09.1956 द्वारा अधिसूचित है साथ ही अधिसूचना संख्या S.O. 1160 दिनांक 25.07.1979 द्वारा उक्त भाग कैमूर वन्यप्राणी आश्रयणी के रूप में अधिसूचित है। इस क्रम में तालिका के अनुसार कुल 0.09864 हे० वन भूमि के अपयोजन एवं शून्य वृक्षों के पातन की अनुशंसा वन प्रमंडल पदाधिकारी, रोहतास एवं वन संरक्षक, वन्यप्राणी अंचल, पटना द्वारा किया गया है।

4. वन प्रमंडल पदाधिकारी, रोहतास द्वारा भाग–II की प्रविष्टि में प्रतिवेदित किया गया है कि प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 का उल्लंघन कर कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। वन प्रमंडल पदाधिकारी, रोहतास द्वारा प्रतिवेदित किया है कि अपयोजित होने वाली वन भूमि कैमूर वन्यप्राणी आश्रयणी का भाग है। वन्यप्राणी आश्रयणी अन्तर्गत कार्य करने की अनुमति अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, बिहार के पत्रांक 587 दिनांक 05.11.2020 द्वारा दिनांक 31.03.2021 तक के लिये निर्गत किया गया था जिसे पुनः अपने कार्यालय पत्रांक 510 दिनांक 22.10.21 द्वारा दिनांक 31.12.2021 तक के लिये विस्तारित किया गया है जो इस पत्र के साथ संलग्न है।

5. वन प्रमंडल पदाधिकारी, रोहतास द्वारा भाग–II की प्रविष्टि में परियोजना निर्माण में अपयोजित होने वाली वन भूमि का वानस्पतिक घनत्व 0.1 से कम अंकित किया गया है। ऑप्टिकल फाईबर केबल लाईन को मूल टोपोशीट नक्शा पर दर्शाते हुए संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा हस्ताक्षरित मूल टोपो शीट नक्शा Index के साथ संलग्न किया गया हैं। प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा अपयोजित होने वाली वन भूमि का Geo Reference Map ऑन लाईन में प्रर्दशित है।

6. परियोजना निर्माण में अपयोजित होने वाली वन भूमि के लिये जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा FRA, 2006 प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया गया है। परन्तु भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्रांक 11-43/2013-FC दिनांक 26.02.2019 के आलोक में प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा FRA, 2006 प्रमाण पत्र, सैद्धान्तिक स्वीकृति पत्र के अनुपालन के साथ उपलब्ध कराने हेतु स्वीकृति दी गयी है। तद्आलोक में बिना FRA, 2006 प्रमाण पत्र के ही Stage-I की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव अग्रसारित किया जा रहा है।

7. परियोजना निर्माण के क्रम में वृक्षों का पातन प्रस्तावित नहीं होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्रांक FC-11/165/2019-FC दिनांक 27.07.2020 (छायाप्रति संलग्न) के आलोक में क्षतिपूरक वनीकरण की अनुशंसा प्रस्ताव के साथ नहीं किया जा रहा है।

8. वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश की कंडिका 2.5 (II) के आलोक में निम्नांकित शर्त्तों के साथ प्रस्ताव की अनुशंसा की जा सकती है।

1. भूमि का वैधानिक स्वरूप यथावत रहेगा।
2. 0.09864 हे० वन भूमि के लिये नेट प्रजेन्ट भेल्यू (NPV) के मद में रू० 6.26 लाख प्रति हे० के दर से रू० 61,749/– परियोजना प्रस्ताव आश्रयणी में होने के कारण (रू० 61,749/–X 5 =3,08,745/–) अर्थात् राशि रू० 3,08,745/–(रूपये तीन लाख आठ हजार सात पैताली) मात्र प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग, बिहार के पक्ष में जमा कराया जायेगा।

9. प्रस्ताव की एक प्रति अनुलग्नक के साथ अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु इस पत्र के साथ संलग्न भेजा जा रहा है। उक्त प्रस्ताव पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार का अनुमोदन प्राप्त है।

10. Laying of underground optical fiber cable अपयोजन स्वीकृति का यह आदेश समान्य स्वीकृति के तहत अपयोजन की शक्ति भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार को देने के क्रम में अनुमोदनोपरान्त निर्गत किया जायेगा।

11. अनुरोध है कि प्रस्ताव पर राज्य सरकार की सहमति संसूचित करने की कृपा की जाय, जिसके बाद नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण), बिहार के द्वारा Stage-I स्वीकृति पत्र निर्गत किया जायेगा।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन,
ह0/–
(अरविन्दर सिंह)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण),
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– व.सं./119/2019–981 दिनांक 02/11/2021

प्रतिलिपि – वन प्रमंडल पदाधिकारी, रोहतास वन प्रमंडल, सासाराम/स्टेट कॉडिनेटर, जियो डिजिटल फाईबर प्रा0 लि0, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अरविन्दर सिंह)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण),
बिहार, पटना।

**जियों डिजिटल फाईबर प्रा० लि० द्वारा रोहतास–नौहट्टा–कसारी पथ के किनारे ऑप्टिकल फाईवर केबल बिछाने हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत 0.09864 हे0 वन भूमि अपयोजन के प्रस्ताव का चेक लिस्ट–**

| क्र० सं० | विवरणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा प्रविष्ट प्रपत्र–I | संलग्न। |
| 2 | प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा उपलब्ध करायी गयी Undertaking | संलग्न। |
| 3 | प्रयोक्ता एजेंसी एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित टोपोशीट नक्शा | संलग्न। |
| 4 | प्रयोक्ता एजेंसी एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित Geo-referenced नक्शा | संलग्न। |
| 5 | वन प्रमंडल पदाधिकारी, रोहतास द्वारा प्रविष्ट प्रपत्र–II | संलग्न। |
| 6 | वन प्रमंडल पदाधिकारी, रोहतास का स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन | संलग्न। |
| 7 | वन संरक्षक, वन्यप्राणी अंचल, पटना द्वारा प्रविष्ट प्रपत्र–III | संलग्न। |
| 8 | नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण), बिहार द्वारा प्रविष्ट प्रपत्र–IV | संलग्न। |

2/11/21

(अरविन्दर सिंह)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण),
बिहार, पटना।

फोन न०–08986153145 ई–मेल apccfcampa.bih@gmail.com